भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

बायोटेक्नोलॉजी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3449

उत्तर देने की तारीख : 13 मार्च, 2020

जैव प्रौद्योगिकी/विज्ञान और प्रौद्योगिकी पार्क

3449. श्री पी.सी.गद्दीगौदर:

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(**क**) देश में संचालित जैव प्रौद्योगिकी/विज्ञान और प्रौद्योगिकी पार्कों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(**ख**) इन पार्कों के शुरू होने के बाद से ऐसे पार्कों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियां क्या हैं;

(**ग**) क्या विभिन्न राज्य सरकारों ने ऐसे पार्क स्थापित करने के लिए प्रस्ताव भेजे हैं;

(**घ**) यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान उनकी स्थिति क्या है; और

(**ङ**) निकट भविष्य में ऐसे पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विज्ञान और प्रौद्योगिकी; स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण; तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री

(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) बायोटेक्नोलॉजी विभाग (डीबीटी) ने विभिन्न राज्यों में निम्नलिखित जैव प्रौद्योगिकी पार्कों का समर्थन किया है:

(i) जैव प्रौद्योगिकी पार्क, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

(ii) टिडको जीव विज्ञान केंद्र (टीआईसीईएल) जैव प्रौद्योगिकी पार्क, चेन्नई, तमिलनाडु

(iii)गोल्डन जुबली महिला जैव प्रौद्योगिकी पार्क, चेन्नई, तमिलनाडु

(iv)जैव प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन केंद्र, हैदराबाद, तेलंगाना

(v) जैव प्रौद्योगिकी पार्क प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन केंद्र, गुवाहाटी, असम

(vi) जैव प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन केंद्र, कोचीन, केरल

(vii)जैव प्रौद्योगिकी पार्क, बैंगलोर, कर्नाटक

(viii) औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क (आईबीटीपी), जम्मू और कश्मीर

(ix) छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी पार्क

(ख) जैव प्रौद्योगिकी के त्वरित व्यावसायिक विकास के लिए ये जैव प्रौद्योगिकी पार्क वैज्ञानिकों तथा लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एसएमई) को प्रौद्योगिकी इन्क्यूबेशन, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और प्रायोगिक संयंत्र अध्ययन के लिए सुविधाएं प्रदान करते हैं और आवश्यक अवसंरचनात्मक सहायता उपलब्ध कराकर अनुसंधान को उत्पादों और सेवाओं में परिवर्तित करते हैं।

(ग) जी हां।

(घ) और (ङ) वर्तमान वर्ष सहित पिछले तीन वर्षों में बायोटेक्नोलॉजी विभाग को विभिन्न राज्य सरकारों से ऐसे पार्क स्थापित किए जाने के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। जिनका विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	**वर्ष**	**राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्ताव**	**वर्तमान स्थिति**
1	2016-17	जम्मू और कश्मीर राज्य में दो औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क (आईबीटीपी) की स्थापना	जून 2018 में स्वीकृत
2	2017-18	रायपुर, छत्तीसगढ़ में बायोटेक पार्क की स्थापना	जुलाई 2018 में स्वीकृत
3	2018-19	(i) बायोफार्मा ग्रोथ फेज पार्क की स्थापना और जीनोम वैली, तेलंगाना, हैदराबाद में प्रशिक्षण के प्रावधान सहित एक सामान्य स्केल-अप विनिर्माण सुविधा। (ii) पश्चिम बंगाल में जैव प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना (iii) सी-कैम्प जैव प्रौद्योगिकी नवाचार पार्क की स्थापना	विचाराधीन
4	2019-20	(i) साइंस सिटी, तिरूपति, आंध्र प्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना (ii) मध्य प्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी पार्क एवं इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित करना (iii) ग्राम अडुवाल, नालागढ़, जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी पार्क की स्थापना	विचाराधीन

******